सारण शिक्षक निर्वाचन में सीवान में 90.43 प्रतिशत मतदान सम्पन्न

19 मतदान केन्द्रों पर 2183 मतदाताओं में से 1974 ने किया मताधिकार का प्रयोग

सीवान। बिहार विधान परिषद के 03-सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए शुक्रवार को सीवान जिले में मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। जिले के सभी 19 अंचल परिसर में बनाए गए मतदान केंद्रों पर स्वच्छ, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में मतदान कराया गया। कुल 2183 मतदाताओं में से 1974 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार जिले में कुल मतदान प्रतिशत 90.43 रहा। मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी। सभी मतदान केंद्रों पर दंडाधिकारी के साथ सशस्त्र बलों की तैनाती की गई थी। इसके अलावा जोनल और सुपर जोनल अधिकारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। वहीं, जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित कर जिले के सभी मतदान केंद्रों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी गई। जिला प्रशासन के अनुसार, जिले में मतदान की प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण रही। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

गुठनी संवाददाता के अनुसार, प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित मतदान केंद्र पर सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। यहां कुल 49 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 48 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। एक महिला मतदाता मतदान करने नहीं पहुंचीं। इस प्रकार मतदान का प्रतिशत लगभग 98. शत-प्रतिशत रहा।महाराजगंज (सीवान) संवाददाता के अनुसार। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए शुक्रवार को महाराजगंज प्रखंड कार्यालय स्थित मतदान केंद्र पर शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हुआ। मतदान को लेकर शिक्षक मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मतदाता केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते रहे। निर्वाची पदाधिकारी सह गोरेयाकोठी के प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. अभय कुमार ने बताया कि मतदान केंद्र पर कुल 209 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 187 मतदाताओं ने मतदान किया। इनमें 150 पुरुष और 37 महिला मतदाता शामिल हैं। इस प्रकार यहां कुल 89.47 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान के दौरान मतदाताओं की आवाजाही बनी रही। प्रशासन की ओर से आवश्यक व्यवस्था की गई थी। निर्धारित प्रक्रिया के तहत मतदान संपन्न कराया गया। पूरे दिन मतदान केंद्र पर शांतिपूर्ण माहौल बना रहा और किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

कटेया से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटेया प्रखंड क्षेत्र में शिक्षक विधान परिषद चुनाव में कटेया के शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शुक्रवार को यहां मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। कुल 35 शिक्षक मतदाताओं में से 34 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह कटेया में 97.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान के दौरान शिक्षकों में खासा उत्साह देखने को मिला। मतदान के लिए निर्धारित सूची में 23 पुरुष शिक्षक और 12 महिला शिक्षिकाएं शामिल थीं। दोपहर 1:30 बजे तक सभी 23 पुरुष शिक्षक अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। वहीं, 12 महिला शिक्षिकाओं में से 11 ने मतदान किया। एक महिला शिक्षिका वोट डालने नहीं पहुंचीं। सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण मतदान, मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। मतदान केंद्र पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। साथ ही, केंद्र की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही थी। सुरक्षा के बीच मतदान की प्रक्रिया बिना किसी व्यवधान के पूरी हुई।

रघुनाथपुर (सीवान) से प्राप्त जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित मतदान केंद्र पर सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान परिषद के चुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। मतदान के दौरान सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिला स्तर से भी अधिकारियों की तैनाती की गई थी। मतदान शुरू होने के बाद सुबह से ही शिक्षक मतदाताओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। प्रखंड में कुल 92 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें 75 पुरुष और 17 महिला मतदाता शामिल थे। इनमें से 74 पुरुषों और सभी 17 महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार कुल 91 मतदाताओं ने मतदान किया, जबकि एक मतदाता अनुपस्थित रहा। मतदान समाप्त होने के बाद मतपेटी को निर्धारित प्रक्रिया के तहत सील किया गया। इसके बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतपेटी को सीवान भेज दिया गया। पूरे मतदान के दौरान प्रशासन सतर्क रहा और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

सारण शिक्षक निर्वाचन : डीएम-एसपी ने चार प्रखंडों के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

सीवान। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के तहत शुक्रवार को जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने सीवान सदर, बड़हरिया, नौतन और मैरवा प्रखंड मुख्यालय स्थित मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान व्यवस्था और विधि-व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं और मतदान प्रक्रिया के सुचारु संचालन की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं मतदान कर्मियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान संपन्न कराने पर जोर दिया। जिला प्रशासन की ओर से मतदान प्रक्रिया पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन का उद्देश्य निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों के अनुरूप मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराना है।



बिहार सरकार

निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (बैगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोशी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के लिए मतदान के दिन मताधिकार का प्रयोग करने के लिए निर्वाचकों को विशेष आकस्मिक अवकाश देने से संबंधित अत्यावश्यक सूचना

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोशी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के अवसर पर मतदान दिनांक 23.10.2026 (शुक्रवार) को निर्धारित है। भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 322/AP-LC/2010-CC&BE/720 दिनांक 23.12.2010 के आलोक में मतदान की तिथि 23.10.2026 (शुक्रवार) को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में निर्वाचकों को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु विशेष आकस्मिक अवकाश देय है।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 014019 (Election) 2026-27

(अशोक प्रियदर्शी)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन प्रमण्डल, सीतामढ़ी

प्रथम शुद्धि-पत्र अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-08/2026-27

इस कार्यालय के पत्रांक 1593 अनु0 दिनांक 03.10.2026 द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 08 वर्ष 2026-27 जिसका पी0आर0 संख्या 013162 (BCD) 2026-27 है जो विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है। जिसमें अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक – भवन/12-अभि0प्र0 (यो0)-02- विविध- 11/2026 9803 (भ) पटना दिनांक 15.10.2026 के आलोक में **परिमाण विपत्र से 10 (दस) प्रतिशत से ज्यादा कम दर उद्धृत रहने वाली निविदाएँ अमान्य मानी जाएगी।** पूर्व में उल्लेखित निविदा के कंडिका-25 में निम्नरूपेण संशोधित किया जाता है जिसे पढ़ा/समझा जाय :-

1. परिमाण विपत्र की दर से 0 से 5 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.25 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।
2. परिमाण विपत्र की दर से 5 से 10 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.50 प्रतिशत अतिरिक्त कार्यप्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।

PR- 013987 (B C D) 2026-27

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सीतामढ़ी।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न, गोपालगंज में 92.91 प्रतिशत पड़े वोटिंग

गोपालगंज। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के तहत गोपालगंज जिले के सभी 14 मतदान केंद्रों पर शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो गया। सुबह आठ बजे शुरू हुई मतदान प्रक्रिया शाम चार बजे समाप्त हुई। जिले में कुल 92.91 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसमें पुरुष मतदाताओं की भागीदारी 93.20 प्रतिशत, जबकि महिला मतदाताओं की भागीदारी 91.52 प्रतिशत रही। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी समीर सौरभ ने जिला नियंत्रण कक्ष और विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं, निर्वाचन क्षेत्र के प्रेक्षक दीपक आनंद ने भी विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।निष्पक्ष, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन एवं पुलिस की टीमें लगातार निगरानी करती रहीं। इसके लिए सुपर जोनल और जोनल दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों तथा त्वरित कार्रवाई दल (क्यूआरटी) को तैनात किया गया था। मतदान समाप्त होने के बाद अभ्यर्थियों की उपस्थिति में मतपेटियों को सील किया गया। इसके बाद सभी मतदान दलों, जोनल दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की मौजूदगी में मतपेटियों को कड़ी सुरक्षा के बीच सारण स्थित वज्रगृह के लिए रवाना कर दिया गया।



मनरेगा में बड़े घोटाले की संभावना कार्यों में गड़बड़ी की आशंका

कुचायकोट। कुचायकोट प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत मठिया हरदो पंचायत में मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितता की आशंका गहरा गई है। मनरेगा कार्यों का लेखा-जोखा, मजदूरी पंजी और सामग्री बिल की जानकारी सूचना के अधिकार के तहत मांगे जाने पर विभाग ने अभिलेख उपलब्ध कराने के बजाय एक बिना पत्रांक और बिना दिनांक वाला हस्तलिखित पर्चा थमा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला ग्रामीण विकास अभिकरण गोपालगंज के लोक सूचना अधिकारी से मठिया हरदो पंचायत में वर्ष 2023-24 में मनरेगा से कराए गए कार्यों की मजदूरी पंजी, प्राक्कलन, सामग्री बिल की प्रमाणित प्रति मांगी गई थी। नियमानुसार जवाब जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के लोक सूचना अधिकारी को देना था, लेकिन जवाब पंचायत स्तर के कर्मी पंचायत रोजगार सेवक के नाम से दिया गया, जिसमें लिखा था-सूचना मेरे पास नहीं है, आप मनरेगा की वेबसाइट पर देख लें। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जो जवाब दिया गया है, उस पर न कोई पत्रांक है, न दिनांक है, न ही कार्यालय की मुहर है। नियमानुसार बिना पत्रांक/दिनांक का कोई भी सरकारी पत्र अवैध माना जाता है। सूचना के अधिकार कानून के जानकारों का कहना है कि किसी आवेदक को 'वेबसाइट, (जालस्थल) पर देख लो' कहना सूचना देना नहीं है। लोक सूचना अधिकारी को धारा 2(ज) के तहत प्रमाणित प्रति देनी ही होगी। मजदूरी पंजी और बिल छिपाने से यह आशंका बढ़ गई है कि मजदूरों की फर्जी हाजिरी या सामग्री में हेराफेरी तो नहीं हुई है। इस पूरे मामले को लेकर जिलाधिकारी, गोपालगंज के समक्ष प्रथम अपील दायर कर जांच और दोषी लोक सूचना अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की गई है।

बिहार सरकार

कार्यालय नगर पंचायत मानसी
Email-Ulb.mansi@gmail.com

आम सूचना संख्या:-08/2026-27

सर्वसाधारण एवं सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मानसी द्वारा सरकारी आदेशों की अवहेलना करने, विभागीय पत्रों को अनसुना करने तथा संविदा (एकरारनामा) की शर्तों का घोर उल्लंघन करने के कारण एक फर्म/कम्पनी के कार्यादेश तत्काल प्रभाव से रद्द (Cancel) कर दिए गए हैं तथा उन्हें अगले 5 वर्षों के लिए ब्लैकलिस्ट (Blacklist) कर दिया गया है।

फर्म का नाम	M/s Pandav Manufacturing Company
प्रोपराईटर का नाम एवं पता	श्री नागेन्द्र कुमार, 13 HMH Amarura, हनुमानगढ़, राजस्थान-335513
GEM Seller ID	ARPM200001680470
कार्य	Gem पोर्टल (BID No- GEM/2025/B/6092625, Date-27.03.2025) के माध्यम से कुल 23 अदद हाई मास्ट लाईट की आपूर्ति एवं मरम्मति का कार्य।

उपरोक्त फर्म/कम्पनी अगले 5 वर्षों तक नगर पंचायत मानसी के किसी भी कार्य, GEM पोर्टल से संबंधित निविदाओं अथवा अन्य किसी भी प्रकार के टेंडर में भाग नहीं ले सकेंगी।

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 013908 (B&C) 2026-27

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, मानसी

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

गंगवा और जलालपुर में पागल बंदर का आतंक, महिला समेत दो घायल

सिधवलिया। सिधवलिया थाना क्षेत्र के गंगवा और जलालपुर गांव में एक पागल बंदर के आतंक से ग्रामीण भयभीत हैं। चार दिन पूर्व ही बंदर ने एक मासूम को बुरी तरह काटकर घायल कर दिया था। वहीं, शुक्रवार को फिर इस बंदर ने बरौली थाना क्षेत्र के बलहा गांव निवासी सुनीता देवी को काटकर बुरी तरह घायल कर दिया। बताया जाता है कि सुनीता देवी अपनी बहन के यहां जलालपुर बिन टोली में आई हुई थीं। इसी दौरान पागल बंदर ने उन पर हमला कर दिया।घटना के बाद परिजनों ने सुनीता देवी को इलाज के लिए सिधवलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल रेफर कर दिया। लगातार हो रही घटनाओं से दोनों गांवों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से पागल बंदर को पकड़ने की मांग की है।

सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय
उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
बी-60, सूरजकुण्ड-गोरखपुर

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद की विकास नगर आवासीय योजना, लच्छीपुर, गोरखपुर में आवासीय भूखण्ड संख्या 179E एरिया 283.5 वर्गमीटर श्री शत्रुघ्न तिवारी पुत्र स्व. द्वारिका तिवारी निवासी ग्राम भुसवाट, पोस्ट गंगपुर सिसवन, जिला सिवान को आवंटित था। इसकी रजिस्ट्री दिनांक 22-09-2000 को उनके पक्ष में कर दी गयी है। श्री शत्रुघ्न तिवारी की मृत्यु दिनांक 17-09-2016 को हो गयी है। श्री शत्रुघ्न तिवारी की मृत्यु के पश्चात उनके पुत्रगण श्री देवकृष्ण तिवारी, कामाख्या नारायण तिवारी एवं आशुतोष तिवारी ने उक्त भूखण्ड का पंजीकृत बैनामा दिनांक 25-01-2022 को श्रीमती सरिता टेकड़ीवाल पत्नी श्री संदीप कुमार टेकड़ीवाल के पक्ष में कर दिया।

वर्तमान में उक्त भूखण्ड संख्या 179E की क्रेता उपरोक्त श्रीमती सरिता टेकड़ीवाल ने अपने आवेदन पत्र द्वारा अपने दस्तावेज की प्रति संलग्न करते हुए, अपने द्वारा किये गये क्रय विलेख दिनांक 25-01-2022 के आधार पर नामान्तरण का अनुरोध किया है।

यदि किसी हितबंध व्यक्ति को उक्त भूखण्ड के नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर संगत साक्ष्यों एवं अभिलेखों के सहित अपनी आपत्ति निज सहकारी आवास समिति लि. के सुनन्दा टावर, बैंक रोड, गोरखपुर में स्थित कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा नामान्तरण की कार्यवाही श्रीमती सरिता टेकड़ीवाल पत्नी श्री संदीप कुमार टेकड़ीवाल के पक्ष में कर दी जायेगी तथा भविष्य में प्राप्त होने वाली कोई भी शिकायत परिषद/समिति को मान्य नहीं होगी तथा उक्त नामान्तरण हेतु परिषद/समिति उत्तरदायी नहीं होगी बल्कि पूर्णरूप से श्रीमती सरिता टेकड़ीवाल उत्तरदायी होंगी।

सचिव

सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय
उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
बी-60, सूरजकुण्ड-गोरखपुर

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद की विकास नगर आवासीय योजना, लच्छीपुर, गोरखपुर में आवासीय भूखण्ड संख्या 178E एरिया 283.5 वर्गमीटर श्री शत्रुघ्न तिवारी पुत्र स्व. द्वारिका तिवारी निवासी ग्राम भुसवाट, पोस्ट गंगपुर सिसवन, जिला सिवान को आवंटित था। इसकी रजिस्ट्री दिनांक 22-08-2000 को उनके पक्ष में कर दी गयी है। श्री शत्रुघ्न तिवारी की मृत्यु के पश्चात् उनके पुत्रगण श्री देवकृष्ण तिवारी, कामाख्या नारायण तिवारी एवं आशुतोष तिवारी ने उक्त भूखण्ड का पंजीकृत बैनामा दिनांक 25-01-2022 को श्री उदित टेकड़ीवाल पुत्र श्री संदीपकुमार टेकड़ीवाल के पक्ष में कर दिया।

वर्तमान में उक्त भूखण्ड संख्या 178E के क्रेता उपरोक्त श्री उदित टेकड़ीवाल ने अपने आवेदन पत्र द्वारा अपने दस्तावेज की प्रति संलग्न करते हुए, अपने द्वारा किये गये क्रय विलेख दिनांक 25-01-2022 के आधार पर नामान्तरण का अनुरोध किया है।

यदि किसी हितबंध व्यक्ति को उक्त भूखण्ड के नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर संगत साक्ष्यों एवं अभिलेखों के सहित अपनी आपत्ति निज सहकारी आवास समिति लि. के सुनन्दा टावर, बैंक रोड, गोरखपुर में स्थित कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा नामान्तरण की कार्यवाही श्री उदित टेकड़ीवाल पुत्र श्री संदीप कुमार टेकड़ीवाल के पक्ष में कर दी जायेगी तथा भविष्य में प्राप्त होने वाली कोई भी शिकायत परिषद/समिति को मान्य नहीं होगी तथा उक्त नामान्तरण परिषद/समिति उत्तरदायी नहीं होगी बल्कि पूर्णरूप से श्री उदित टेकड़ीवाल उत्तरदायी होंगे।

सचिव

सारण शिक्षक निर्वाचन में 95 प्रतिशत हुआ मतदान

कुचायकोट। कुचायकोट प्रखंड क्षेत्र में सारण शिक्षक निर्वाचन के तहत शुक्रवार को कुचायकोट प्रखंड कार्यालय परिसर में बनाए गए मतदान केंद्र पर शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हुआ।यहां कुल 95 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।मतदान के दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।अधिकारियों की निगरानी में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई।प्रखंड में कुल 214 शिक्षक मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें 185 पुरुष और 29 महिला मतदाता शामिल थे। इनमें 174 पुरुषों और सभी 29 महिलाओं ने मतदान किया। इस प्रकार कुल 203 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।मतदान केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वहीं, मतदान केंद्र के आसपास बिना अनुमति लगाए गए विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टालों को अनुमंडल पदाधिकारी डॉ.प्रेरणा सिंह के नेतृत्व में हटवाया गया।

इस दौरान सीओ मनोरंजन कुमार शुक्ला और थानाध्यक्ष दर्पण सुमन पुलिस बल के साथ मतदान केंद्र के आसपास लगातार निगरानी करते रहे।प्रशासन की सतर्कता के बीच मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया।



गणित-विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा के लिए 18 तक करें आवेदन

सीवान। गणित और विज्ञान में रुचि रखने वाले स्कूली विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। बिहार में मेधावी विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गणित एवं विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 24 अक्टूबर से शुरू होगी। इच्छुक विद्यार्थी 18 नवंबर तक निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं।

बिहार सरकार के विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत बिहार काउंसिल ऑन साइंस एंड टेक्नोलॉजी की ओर से दो प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इनमें श्रीनिवास रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथेमेटिक्स-2026 और सर सीवी रमन टैलेंट सर्च टेस्ट इन साइंस-2027 शामिल हैं। इनका आयोजन राष्ट्रीय गणित दिवस-2026 और राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2027 के अवसर पर किया जाएगा। परीक्षा में कक्षा छह से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। परीक्षा की संभावित तिथि 24, 25 और 26 नवंबर निर्धारित की गई है। विद्यार्थियों को इन तीन दिनों में से किसी एक दिन परीक्षा देनी होगी। प्रवेश पत्र 22 नवंबर तक डाउनलोड किया जा सकेगा।

माता के दर्शन को जा रहे परिवार का टोटो पलटा, मासूम की मौत

महाराजगंज (सीवान)। महाराजगंज थाना क्षेत्र के धनछुआ पुल के समीप अनियंत्रित होकर टोटो पलटने से एक मासूम बच्चे की मौत हो गई। हादसे में टोटो पर सवार अन्य लोग भी घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को महाराजगंज अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

मृत बच्चे की पहचान दरौंदा थाना क्षेत्र के पकवलिया गांव निवासी दीपचंद्र चौरसिया के पुत्र रुद्र कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि परिवार के लोग अपने गांव से टोटो पर सवार होकर महाराजगंज अनुमंडल मुख्यालय के दूधिटोला स्थित माता के दरबार में पूजा-अर्चना करने जा रहे थे। इसी दौरान धनछुआ पुल के समीप टोटो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया।

हादसे के बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए टोटो में सवार लोगों को बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, चिकित्सकों ने रुद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया। जिस परिवार की यात्रा माता के दर्शन और पूजा-अर्चना की श्रद्धा से शुरू हुई थी, वह रास्ते में हुए इस दर्दनाक हादसे के कारण मातम में बदल गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

15 लीटर देसी शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

सिसवन (सीवान)। सिसवन थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भगार गांव से करीब 15 लीटर देसी शराब बरामद की। इस दौरान पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान भगार गांव निवासी छोटू कुमार सिंह, नकुल कुमार और दीपक कुमार के रूप में हुई है।

पुलिस ने तीनों आरोपितों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

इस संबंध में सिसवन थानाध्यक्ष राजू कुमार ने बताया कि शराबबंदी कानून के पालन को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन प्रमंडल, खगड़िया

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-10/2026-27

1. विज्ञापनदाता का नाम :- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, खगड़िया।
2. निविदा आमंत्रण की तिथि :- दि0-16.10.2026
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :- दि0-06.11.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दि0-06.11.2026 को 03:00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दि0-06.11.2026 को 03:30 बजे अपराह्न
6. निविदा कागजात की बिक्री का स्थान :- (i) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल, भागलपुर। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, खगड़िया। (iii) सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमंडल सं0-1/2, खगड़िया।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :- क्रमांक-6 के अनुसार
8. कार्य का विवरण :-

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रु0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	कार्य पूर्ण करने का समय
1	2	3	4	5	6
1	Repair and Maintenance of RTPS Room at Collectorate Campus Khagaria for the year 2026-27.	1,52,900.00	500	3100	31 दिन
2	Provision of Pavers Block work in Front Campus of BCD Office at Khagaria for the year 2026-27.	3,49,800.00	750	7000	31 दिन
3	Provision of Female Toilet in Jila Lok Shikayat Office in Collectorate Campus Khagaria for the year 2026-27.	1,88,061.00	500	3800	एक माह
4	Repair work of Guard Toilet Near Jila Lok Shikayat Office at Collectorate Campus Khagaria for the year 2026-27	1,24,500.00	500	2500	15 दिन
5	Provision of Pavers Block & Campus for Leveling PCC Near Guard Shed & Jila Lok Shikayat Office at Collecotrate Khagaria for the year 2026-27	1,58,000.00	500	3200	15 दिन
6	Repair work of Treasury Office at Khagaria for the year 2026-27.	5,68,900.00	1250	11400	एक माह
7	Repair and Maintenance of Inner side Second Floor Collectorate Building Khagaria for the year 2026-27.	2,93,000.00	750	5900	एक माह
8	Provision of PCC & Drain repair work of back side in Campus of BCD office at Khagaria for the year 2026-27.	2,10,700.00	500	4300	31 दिन
9	Repair and Painting work (with PHE work) of Data Centre & Record Room in Alauli Block at Khagaria District for the year 2026-27.	3,94,100.00	750	7900	एक माह
10	Repair and Painting work (with PHE work) of Data Centre & Record Room in Beldaur Block at Khagaria District For the year 2026-27.	3,85,900.00	750	7800	एक माह
11	Repair and Painting work (with PHE work) of Data Centre & Record Room in Gogari Block at Khagaria District for year 2026-27.	3,90,400.00	750	7900	एक माह
12	Renovation work of Approach Road in Campus of BCD Office at Khagaria for the year 2026-27.	5,09,600.00	1250	10200	31 दिन
13	Repair and Painting work (with PHE work) of Data Centre & Record Room in Khagaria Sadar Block at Khagaria District for the year 2026-27.	3,87,600.00	750	7800	एक माह
14	Repair and Painting work (with PHE work) of Data Centre & Record Room in Parabatta Block at Khagaria for the year 2026-27	3,87,300.00	750	7800	एक माह
15	S/R to Painting work of District Programme Implementation Committee Office at Sub-Division office Campus Khagaria in Distt. Khagaria for the year 2026-27.	3,96,100.00	750	8000	31 दिन
16	S/R to Painting work of Sub-Division Office Gogari in Distt. Khagaria for the year 2026-27.	4,79,200.00	750	9600	31 दिन
17	Repair & Painting work of BCD Office, Internal & External Portion at Khagaria for the year 2026-27.	5,23,700.00	1250	10500	एक माह
18	Repair work of Windows and Door in Ground Floor Verandah at Sub-Division Office Gogari in Distt. Khagaria for the year 2026-27.	6,30,200.00	1250	12700	एक माह
19	Renovation of Guard Room and Boundarywall at Treasury office in Khagaria District for the year 2026-27	1,85,600.00	500	3800	31 दिन
20	Repair & Painting work of B-Type Quarter in Second Block at Chitragupt Nagar Khagaria for the year 2026-27.	3,11,700.00	750	6300	15 दिन
21	Construction of Staff Toilet Complex (Septic Tank & Soakpit) on 1st floor over Existing Toilet at Sub-Division Office, Building Campus in Khagaria District for the year 2026-27	12,89,614.00	2500.00	25800.00	दो माह
22	Construction of Proposed Aadhar Centre at Khagaria Sub-Division Office Campus in Khagaria Dist. Khagaria for the year 2026-27	974700.00	1250.00	19500.00	दो माह

PR. No. 014061 (BCD) 2026-27

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, खगड़िया

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

अपने जीवन साथी के प्रति वफादार रहें,
किसी अनजान स्त्री/पुरुष से असुरक्षित यौन संबंध से बचें।